# दौसा जिला चिकित्सालय के शौचालय में युवक ने आत्महत्या की

## पीएमओ आरके मीणा ने बताया कि यह युवक अस्पताल में भर्ती नहीं था

- सर्जिकल वार्ड में स्थित महिला शौचालय में युवक ने खिड़की से रुमाल बांधकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली
- चिकित्सालय परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगे हुये हैं, दर्जनों सुरक्षाकर्मी भी तैनात कर रखे हैं, इसके बावजूद युवक रात्रि में सर्जिकल वार्ड में पहुंच गया

**दौसा,** (निसं)। श्री रामकरण जोशी राजकीय जिला चिकित्सालय के सर्जिकल वार्ड में स्थित महिला शौचालय में गुरुवार को एक युवक ने खिड़की के रुमाल बांध कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इधर उक्त घटना के बाद जिला चिकित्सालय में हड़कम्प मच गया तथा तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के साथ ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा शौचालय का गेट तोड़कर शव बरामद किया, शव का पोस्टमार्डम करा परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। इधर कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को श्री रामकरण जोशी राजकीय जिला चिकित्सालय में मॉर्निंग स्टाफ ड्यूटी के लिए सर्जिकल वार्ड में पहुचे, स्टाफ ने देखा कि महिला शौचालय का गेट अंदर से बंद है। गेट खुलवाने का प्रयास किया गया लेकिन कोई आवाज नहीं आने पर परिसर में स्थित पुलिस चौकी में सूचना दी गई।

सूचना मिलने के साथ ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा गेट खुलवाने का प्रयास किया गया। काफी देर तक गेट नहीं खुलने पर पुलिस ने वीडियोग्राफी करते हुये शौचालय का गेट तोड़ा तो अन्दर एक युवक की लाश लटकी हुई थी। युवक ने शौचालय की खिड़की के रुमाल बांध कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। पुलिस ने लाश को नीचे उतारा तथा मोर्चरी पहुंचाया तथा मृतक की पहचान ढाणी बिन्यावाला कालीखाड निवासी रामावतार पुत्र जगदीश मीणा के रुप मे हुई। पुलिस ने इसकी सूचना तत्काल परिजनों को दी। परिजनों के पहुंचने के बाद शव की शिनाख्त कराई गई। शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्डम करा परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

**चिकित्सालय की सुरक्षा को लेकर उठे सवाल:-** चिकित्सालय परिसर में लाखों रुपये के सीसीटीवी कैमरे लगे हुये हैं। साथ ही दर्जनों सुरक्षाकर्मी भी तैनात कर रखे हैं, बावजूद इसके युवक सभी को गच्चा देकर रात्रि में सर्जिकल वार्ड में पहुंच गया। इधर अधिकांश सीसीटीवी कैमरे बंद होने के कारण कोतवाली पुलिस को जांच में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। हालांकि प्रथमदृष्टया उक्त प्रकरण आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, बावजूद इसके कोतवाली पुलिस हर तरह से जांच में जुटी हुई है।

पीएमओ आरके मीणा ने कहा कि मुझे तो सुबह सर्जिकल वार्ड के प्रभारी दिनेश बैरवा ने जानकारी दी कि महिला शौचालय में एक अज्ञात व्यक्ति फंदे पर लटका हुआ है। हमने सम्पूर्ण जानकारी लेने के बाद जानकारी मिली कि ये हमारे यहां भर्ती नहीं था। अंजान व्यक्ति अंदर कैसे प्रवेश कर गया ये जांच का विषय है जांच कराई जा रही है। उन्होने बताया कि सीसीटीवी चालू है कुछेक खराब है, जिन्हे दुरुस्त कराये जाने के लिए पूर्व में निर्देश दिये जा चुके है। सुरक्षा में चुक तो हुई है जांच कराई जायेगी।

# अमित शाह और ओम बिरला आज जोधपुर आएंगे

**जोधपुर,** (कासं)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को जोधपुर आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अमित शाह शुक्रवार, 9 जनवरी को रात्रि 10.25 बजे जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन पहुंचेंगे। इसके पश्चात रात्रि 10.40 बजे वे ऑफिसर्स मेस, बीएसएफ कैंप पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। शनिवार, 10 जनवरी को प्रातः 11.25 बजे अमित शाह बीएसएफ कैंप से प्रस्थान कर पोलिटेक्निक कॉलेज मैदान पहुंचेंगे। यहां प्रातः 11.30 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम उपरांत शाह दोपहर 1.15 बजे पोलिटेक्निक कॉलेज मैदान से बीएसएफ कैंप पहुंचेंगे, जहां 1.15 बजे से 2 बजे तक उनका कार्यक्रम आरक्षित रहेगा। इसके बाद वे दोपहर 2.15 बजे जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन पहुंचकर 2.20 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

वहीं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शुक्रवार को जोधपुर के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ओम बिरला शुक्रवार, 9 जनवरी को दोपहर 12 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके पश्चात दोपहर 12.10 बजे वे जोधपुर सर्किट हाउस पहुंचकर अल्प विश्राम करेंगे। वे दोपहर 12.45 बजे पॉलिटेक्निक ग्राउंड स्थित मारवाड़ कन्वेंशन सेंटर पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम उपरांत रात्रि 8.30 बजे सर्किट हाउस पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। शनिवार, 10 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे ओम बिरला पुनः पॉलिटेक्निक ग्राउंड स्थित मारवाड़ कन्वेंशन सेंटर पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद दोपहर 1.35 बजे सर्किट हाउस जोधपुर पहुंचकर विश्राम करेंगे। तत्पश्चात रात्रि 8.15 बजे जोधपुर रेलवे स्टेशन पहुंचकर रात्रि 8.30 बजे दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

# युवती ने दो युवकों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया

## चार-पांच अन्य लोगों पर भी सहयोग का आरोप, पुलिस ने युवती का मेडिकल कराया

**जोधपुर,** (कासं)। कमिश्नरेट के जिला पश्चिम में गत दिनों एक युवक के साथ बुरी तरह मारपीट करने और नाक काटने के मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया था। युवक पर आरोप था कि वह नजदीक के गांव की युवती को भगा ले गया था। युवती ने अब युवक और उसके दोस्त पर गैंगरेप का आरोप लगाया है। रिपोर्ट में चार-पांच अन्य लोगों पर भी सहयोग का आरोप लगाते हुए युवती ने रिपोर्ट दी है। लूणी थाने में यह प्रकरण अब दर्ज हुआ है। इससे पहले जिस युवक की नाक काटी गई, उसकी तरफ से युवती के परिजन के खिलाफ रिपोर्ट दी गई थी। इधर पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया है।

पुलिस ने बताया कि लूणी क्षेत्र के दिनेश और उसके दोस्त गोविंद के खिलाफ पीड़िता ने रिपोर्ट दी है। वह गत दिनों दिनेश के साथ घर से चली गई थी। इस बारे में युवती के परिजन की तरफ से पहले लूणी थाने में गुमशुदगी दर्ज करायी गई थी। मगर बाद में परिवार के दबाव के चलते उसने युवती को वापिस उसके गांव में छोड़ दिया था। एक दिन जब दिनेश अपनी एसयूवी लेकर गांव पहुंचा तब युवती के परिजन ने मिलकर जानलेवा हमला किया। जिससे दिनेश के पैर फ्रेक्चर होने के साथ उसकी नाक काट दी गई थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए युवती के तीन रिश्तेदारों को भी गिरफ्तार किया था।

पुलिस ने बताया कि भगवईया युवती ने अब दिनेश और उसके दोस्त गोविंद पर गैंगरेप किए जाने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट में युवती ने चार-पांच अन्य लोगों पर भी सहयोग का आरोप लगाया है। पुलिस ने प्रकरण की जांच में आज मौका मुआयना किया है। युवती की तरफ से बुधवार को लूणी थाने में नामजद रिपोर्ट दी गई। जांच एसीपी आनंद सिंह राजपुरोहित की तरफ से की जा रही है।

# भ्रूण लिंग जांच में लिप्त महिला चिकित्सक व दलाल गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की पीसीपीएनडीटी टीम ने गुरुवार को उदयपुर में एक सफल डिकॉय ऑपरेशन अंजाम देकर भ्रूण लिंग निर्धारण के अवैध धंधे में लिप्त एक महिला चिकित्सक और महिला दलाल को गिरफ्तार किया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के एमडी डॉ. अमित यादव के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई में सेंटर से आवश्यक दस्तावेज भी सीज किए गए हैं, जबकि अन्य संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की जांच पुलिस द्वारा जारी है।

एएसपी डॉ. हेमंत जाखड़ ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि उदयपुर जिले में एक दलाल गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड सेंटर में ले जाकर भ्रूण लिंग परीक्षण करवाती है। इस पर टीम ने रैकी कर पाया कि सूचना सही थी। इसके बाद उत्तर प्रदेश निवासी और हाल में उदयपुर में रह रही दलाल पूजा सागर से संपर्क किया गया।

डिकॉय गर्भवती महिला के माध्यम से दलाल से 35,000 रुपए लिए गए और उसे अमर आशीष हॉस्पिटल एंड टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर ले जाया गया। इस दौरान दलाल और गर्भवती महिला ने टीम को बताया कि सेंटर की संचालिका डॉ. नीना सक्सेना ने खुद के हिस्से के 30,000 रुपए लिए और कहा कि पहले पैसे दो, फिर नतीजा बताऊंगी। पैसे देने के बाद डॉ. नीना ने कोख में बेटा होने की पुष्टि की। इसके बाद डिकॉय महिला ने बाहर आकर टीम को इशारा किया, जिस पर टीम ने मौके पर पहुँचकर दलाल पूजा सागर और संचालिका डॉ. नीना सक्सेना (60) को हिरासत में लिया। इस कार्रवाई के बाद भ्रूण लिंग निर्धारण के अवैध धंधे में लिप्त लोगों के बीच हड़कंप मच गया। वरिष्ठ आईएएस और एनएचएम एमडी डॉ. अमित यादव ने कहा कि वे लिंग चयन की बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए लगातार कार्रवाई करेंगे। पीसीपीएनडीटी टीम ने स्पष्ट किया कि इस तरह के डिकॉय ऑपरेशन नियमित रूप से किए जा रहे हैं ताकि अवैध भ्रूण लिंग परीक्षण के मामलोंमें लगे लोगों पर कानूनी शिकंजा कसा जा सके।

# दो हजार के नकली नोटों के साथ युवक गिरफ्तार

**सूरतगढ़,** (निसं)। सिटी थाना पुलिस ने 12 हजार रुपए की नकली करेंसी के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी उपखंड के गांव श्योपुरा का निवासी है। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना के सब इंस्पेक्टर नगेंद्र सिंह ने गुरुवार को बताया कि गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक नकली नोट चलाने की फिराक में घूम रहा है। इस पर कॉन्स्टेबल रामकुमार, नटवर सिंह और महेश यादव के साथ वे सब-जेल के पीछे चूना रोड पर पहुंचे। पुलिस टीम ने बताए गए हुलिए के आधार पर एक युवक को खड़ा देखा। पुलिस वाहन रुकते ही युवक ने भागने की कोशिश की, जिसे जाप्ते की मदद से पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर युवक के कब्जे से 500 रुपए के 24 नकली नोट बरामद हुए, जिनकी कुल कीमत 12 हजार रुपए थी।

पूछताछ में युवक ने अपनी पहचान दीपक (23) पुत्र बुधराम मेघवाल, निवासी श्योपुरा, पुलिस थाना सूरतगढ़ सदर बताई। एसआई सिंह ने बताया कि प्रारंभिक पड़ताल में युवक ने स्वीकार किया है कि वह इन नोटों को बाजार में चलाने की फिराक में था। आरोपी दीपक के खिलाफ नोडल थाना श्रीगंगानगर की कोतवाली में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले की आगे की जांच सिटी थाना के उप निरीक्षक माणकलाल को सौंपी गई है। एसआई माणकलाल ने बताया कि आरोपी को श्रीगंगानगर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर रिमांड पर लिया जाएगा।

## 10 विषयों की मॉडल उत्तर कुंजी जारी

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) परीक्षा-2025 के तहत जूलॉजी, म्यूजिक (वोकल), संस्कृत, उर्दू, लॉ, केमिस्ट्री, बॉटनी, इकोनॉमिक्स, होम साइंस तथा ईएएफएम विषय की मॉडल उतरकुंजियां आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी गई हैं। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि उक्त विषयों की परीक्षा का आयोजन 11 से 16 दिसंबर 2025 तक किया गया था। यदि किसी भी अभ्यर्थी को इन मॉडल उतरकुंजियों पर कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 10 से 12 जनवरी को रात्रि 12 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है।

# स्मैक व शराब सहित दो महिलायें गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा पुष्पेन्द्र सिंह सोलंकी व वृत्ताधिकारी आशीष कुमार प्रजापत के सुपरविजन में डिग्गी थानाधिकारी गोपाल चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम एवं डीएसटी टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई करते हुये गुरूवार को सांसी बस्ती कस्बा डिग्गी में दबिश देकर आरोपिया मनोहरी देवी पत्नी मुकेश सांसी के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 5.82 ग्राम स्मैक जब्त कर आरोपिया को गिरफ्तार किया गया है। इसी प्रकार अन्य टीम ने दबिश देकर आरोपिया यशोदा पत्नी किशन सांसी निवासी सांसी बस्ती डिग्गी के कब्जे से दो लीटर अवैध हथकड शराब जब्त कर आरोपिया को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम मे प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी

इसके अलावा अति. पुलिस अधीक्षक टोंक रतनलाल भार्गव के निर्देशन में पीपलू थानाधिकारी राजकुमार व डीएसटी प्रभारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में गठित टीमों द्वारा थाना पीपलू में दर्ज हत्या के मामले में दर्ज प्रकरण के गिरोह द्वारा अपराध में प्रयुक्त दो वाहनों को आरोपी सोयब खान व अमन शर्मा की निशानदेही से जब्त किया गया है। प्रकरण में शेष आरोपियों की तलाश व प्रकरण में अनुसंधान जारी है। थाना पुलिस ने बताया कि प्रकरण में अब तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## फायरिंग में पिता और पुत्र बाल-बाल बचे

**कोटा,** (निसं)। कैथून थाना इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े फायरिंग कर दी, हमले में पिता-पुत्र बाल-बाल बच गये। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरु की है।

मामला कैथून थाना इलाके के खेड़ा रामपुर चौराहे के पास कैथून-सांगोद मार्ग का है, बाइक सवार बदमाश पिता-पुत्र पर फायरिंग कर मौके से फरार हो गये, गनीमत रही कि गोली किसी को भी नहीं लगी। कैथून थाना इलाके में दिनदहाड़े फायरिंग की वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया, फायरिंग की सूचना पाकर कैथून पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे घटनास्थल का मुआयना किया। कैथून थानाधिकारी मनोज सिकरवार ने बताया कि कैथून निवासी अब्दुल कादिर प्रोपर्टी डीलर है जिसने कोटा-कैथून रोड़ पर प्लानिंग काट रखी है। थानाधिकारी ने बताया कि खेड़ा रामपुर चौराहे पर सकतपुरा के निवासी बाइक सवार बदमाशों ने पिता-पुत्र पर दूरी से फायर किये, फायरिंग के पीछे पुरानी रंजिश का मामला सामने आ रहा है। थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश की जा रही हैं।

# कोटा में बीस लाख का डोडा-चूरा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

## पुलिस टीम ने मौके से घटना में प्रयुक्त कार भी जब्त की

**कोटा,** (निसं)। कोटा ग्रामीण की कनवास पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ नाकाबंदी के दौरान कार से अवैध मादक पदार्थ 116 किलो 580 ग्राम डोडा-चूरा सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 20 लाख रूपये बताई गई है। पुलिस टीम ने मौके से घटना में प्रयुक्त कार को भी जब्त किया है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ तस्करी व तस्करों की धरपकड़ के लिये ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीना के निर्देशन में पुलिस उप अधीक्षक सांगोद नरेन्द्र जैन के सुपरविजन में कनवास थाने के उपनिरीक्षक थाना प्रभारी सुरेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। ग्रामीण एसपी ने बताया कि गठित टीम ने कोटा झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग कनवास तिराहे पर नाकाबंदी कर वाहनों की चैकिंग की, चैकिंग के दौरान एक कार को रोककर तलाशी ली तो कार में तलाशी के दौरान 20 लाख का अवैध मादक पदार्थ 116 किलो 580 ग्राम डोडा-चूरा बरामद किया। पुलिस टीम ने मौके पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए जिला जोधपुर के सियागो फंगालो का बास खोखरिया निवासी अर्जुजराम उर्फ अर्जुन (33) एवं जिला नागौर के गवालू निवासी धन्नाराम (28) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपियों से अनुसंधान किया जा रहा है।

कोटा ग्रामीण की कनवास पुलिस टीम ने डोडा-चूरा सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

# बड़ौदामेव क्षेत्र में प्राइवेट बस में तोड़फोड़, परिचालक को पीटा

## एक दर्जन से अधिक लोगों ने बस को जबरन रुकवाकर कंडक्टर के साथ मारपीट कर दी

- घायल के परिजनों की तरफ से थाने में कोई शिकायत नहीं दी गई है

**अलवर,** (निसं)। अलवर के बड़ौदामेव थाना क्षेत्र के गंडूरा गांव में एक निजी बस के कंडक्टर के साथ बेरहमी से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने, बस में तोडफ़ोड़ करने, लूटपाट कर मोबाइल व पैसे छीनने का मामला सामने आया है।

घायल के पिता गीलाराम व बस के चालक ने बताया कि बुधवार देर शाम बस अलवर से लक्ष्मणगढ़ के लिए रवाना हुई थी। जब बस गंडूरा गांव पहुंची, तभी एक दर्जन से अधिक लोग वहां ग्रुप बनाकर खड़े थे। बस को जबरन रुकवाया और बस के कंडक्टर देवेंद्र कुमार (32) पुत्र गीलाराम जाटव के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। आरोपियों ने बस के शीशे भी तोड़ दिए और मोबाइल व पैसे छीनकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना बस चालक ने घायल कंडक्टर के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल देवेंद्र को उपचार के लिए बड़ौदामेव के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जिसके बाद परिजन घायल को लेकर जिला अस्पताल रवाना हो गए। परिजनों ने बताया कि दो-तीन दिन पहले गांव की एक महिला बड़ौदामेव से गंडूरा जाने के लिए बस में सवार हुई थी। उस दौरान कंडक्टर ने महिला से पीछे बैठने के लिए कहा था, जिससे महिला नाराज हो गई थी और कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि इसी बात को लेकर महिला ने बुधवार को गांव के दर्जनों लोगों को इक्ट्ठा कर कंडेक्टर पर हमला करवा दिया। फिलहाल घायल के परिजनों की तरफ से थाने में कोई शिकायत नहीं दी गई है। पिता का कहना है कि बेटे के सही होने पर थाने में शिकायत देंगे।

## युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत

**कोटा,** (निसं)। जवाहर नगर थाना इलाके में बुधवार रात्रि को एक युवक शराब के ठेके के समीप अचेतावस्था में मिला, जिसे उपचार के लिये अस्पताल लाया, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार आरकेपुरम निवासी भुपेन्द्र यादव (30) जो प्राईवेट स्कूल में कार्य करता है। थानाधिकारी रामलक्ष्मण गुर्जर ने बताया कि मामले में सामने आया कि 30 वर्षीय एक युवक इलाके में एक शराब के ठेके के समीप अचेतावस्था में मिला था, जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया, जिसकी पहचान आरकेपुरम निवासी भुपेन्द्र यादव के रूप में हुई। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

- युवक शराब के ठेके के समीप अचेतावस्था में मिला था

# अजमेर के हाथीखेड़ा गांव में जमीन विवाद में परिवार पर हमला

## परिवार के एक दर्जन से अधिक लोगों सहित महिलाएं और बच्चे भी घायल

- घटना का वीडियो सामने आने के बाद गांव में दहशत और तनाव का माहौल

**अजमेर,** (कासं)। हरिभाऊ उपाध्याय नगर थाना क्षेत्र के हाथीखेड़ा गांव में जमीनी विवाद ने गुरुवार को हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि 10 से 12 बदमाशों के समूह ने एक परिवार पर कुल्हाड़ी, लाठी-डंडों और पत्थरों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में महिलाएं और बच्चे भी चपेट में आ गए। परिवार के करीब एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों को जेएलएन अस्पताल में भर्ती करवाया है। घटना का वीडियो भी सामने आने के बाद गांव में दहशत और तनाव का माहौल बन गया।

घायल नौरत सिंह रावत के अनुसार उनका परिवार लंबे समय से हाथीखेड़ा में रह रहा है और गांव में लगभग पांच सौ गज से अधिक जमीन है, जिसे वर्षों पहले उनके दादा ने खरीदा था। पीड़ित पक्ष का कहना है कि उनका भाई भागचंद अपनी जमीन के पास गया था, तभी वहां पहले से मौजूद कुछ लोगों ने उस पर हमला कर दिया। शोर सुनकर जब परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे तो हमलावरों ने महिलाओं और बच्चों पर भी पत्थर फेंके और लाठी-डंडों से मारपीट की। पीड़ितों का आरोप है कि हमलावर जमीन पर कब्जे की नीयत से आए थे। हमले में भागचंद, शिवराज, नौरत, कन्या सहित अन्य लोग घायल हुए हैं। घायलों में कई के सिर, हाथ-पैर और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे, जिससे वहां भी अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही।

हरिभाऊ उपाध्याय नगर थानाधिकारी महावीर शर्मा ने बताया कि हाथीखेड़ा गांव में विवाद की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। प्राथमिक तौर पर मामला जमीनी विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस के अनुसार पीड़ित पक्ष की शिकायत मिलने पर नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। घटना के वीडियो, मौके के साक्ष्य और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर तैनात किया है।

हमले में हुये घायलों का अस्पताल में इलाज करवाया।

## बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी बैठक आज

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि बोर्ड द्वारा वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षाओं की सुव्यवस्थित तैयारी, संचालन तथा समयबद्ध व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए शुक्रवार को बोर्ड सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में संयुक्त निदेशक, समस्त जिला शिक्षा अधिकारी एवं संदर्भ व्यक्ति भाग लेंगे। बैठक में परीक्षा केन्द्रों की स्थापना, पर्यवेक्षकों की नियुक्ति, परीक्षा की पारदर्शिता, नकल निरोधक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, आईटी आधारित निगरानी, उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन, समय सारणी एवं अन्य आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी।


**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

क्रमांक :- राजकाज 19792484 दिनांक :- 07/01/2026

**ई-बिड सूचना संख्या:- जोन विद्युत-प्रथम/21/2025-26**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से विद्युत के कार्यो हेतु संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से विद्युत कार्यों हेतु ऑनलाईन बिड आमंत्रित की जाती है। इन कार्यों की अनुमानित लागत, बिड बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, बिड शर्ते आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.jodhpurjda.org, www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

Tender ID / UBN No. : JOD2526WSOB00512

NIB Code : JOD2526A0230

राज.संवाद/सी/25/17301 अधिशाषी अभियंता (विद्युत-I)

राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कोटा (राज.)**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, दादाबाडी परिसर, सरकारी आवास, ए-1, कोटा (राज.)

फोन-0744-2461550 Email: eemhkota@ymail.com, ee-mh-kota@gov.in

क्रमांक- 746 दिनांक-02.01.2026

**निविदा सूचना संख्या-14/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत राज्य विभिन्न चिकित्सालयों पर रू. 211.20 लाख के 12 सिविल कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकारे अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट पर www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेबसाईट http://rajaswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

UBN NO. 1. NRH2526WSOB02075, 2. NRH2526WSOB02076, 3. NRH2526WSOB02077, 4. NRH2526WSOB02078, 5. NRH2526WSOB02079, 6. NRH2526WSOB02080, 7. NRH2526WSOB02081, 8. NRH2526WSOB02082, 9. NRH2526WSOB02083, 10. NRH2526WSOB02084, 11. NRH2526WSOB02085, 12. NRH2526WSOB02086

अधिशाषी अभियंता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कोटा

DIPR/C/254/2026